**एक्सआईएसएस में फ्रेशर्स डे** • डांस-मस्ती के साथ नए सत्र के छात्रों का हुआ वेलकम, प्रिंसिपल बोले-

# जिम्मेदारी के साथ ही स्वतंत्रता का महत्व, सबको साथ लेकर चलें



मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम में रीतिका मिस फ्रेशर्स और विभूति मिस्टर फ्रेशर्स बने।

सिटी रिपोर्टर | रांची

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने मंगलवार को अपने फाइनेंशियल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम के नए 2024-26 बैच के सभी छात्रों के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पौधों को पानी देने के साथ हुई। संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे. ने संस्थान के विजन और मिशन की प्रासंगिकता पर जोर दिया। जिम्मेदारी के साथ स्वतंत्रता के महत्व पर बात की और सबको साथ लेकर नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। सहायक निदेशक डॉ. प्रदीप केरकेट्टा, एसजे ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान इस दो वर्ष की यात्रा को सही आकार देने और करियर के साथ व्यक्तिगत जीवन के मूल्यों को चित्रित करने के लिए प्रयासरत है।

कार्यक्रम में छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम में गरिमा आनंद और कुणाल कांत सोनल, मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम में रीतिका स्नेह एक्का और विभूति दास यादव, रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम में श्रुति सिंह और आशुतोष कुमार, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम में मेघना अंकिता मुर्मू और आयुष राज मिस्टर फ्रेशर्स और मिस फ्रेशर्स बने। मौके पर डीन अकादमिक, सभी प्रोग्राम के एचओपी, फैकल्टी, स्टाफ और छात्र मौजूद थे।



रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम में श्रुति सिंह मिस फ्रेशर्स और आशुतोष कुमार मिस्टर फ्रेशर्स।



ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम में मेघना मिस फ्रेशर्स और आयुष राज मिस्टर फ्रेशर्स।



फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम में गरिमा मिस फ्रेशर्स और कुणाल मिस्टर फ्रेशर्स।

## PRESS : DAINIK BHASKAR

# एक्सआइएसएस : फ्रेशर्स डे में गीत-संगीत की सजी महफिल



**रांची.** एक्सआइएसएस रांची में मंगलवार को फ्रेशर्स डे का आयोजन हुआ. इसमें संस्था के चारों संकाय - फाइनेंशियल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के विद्यार्थी शामिल थे. निदेशक डॉ जोसेफ मरियानूस कुजूर एसजे ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ स्वतंत्र व्यक्तित्व बनाने की प्रेरणा दी. इसके लिए विद्यार्थियों को खुद पर विश्वास करने, आपसी रिश्तों को मजबूत करने, नेतृत्वकर्ता के गुण विकसित करने और प्रतिभा के साथ स्किल को विकसित करने की बात कही. सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने विद्यार्थियों को दो वर्षीय शैक्षणिक यात्रा को गंभीरता से लेने की बात कही. फ्रेशर्स डे के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. विद्यार्थियों ने गीत-संगीत और डांस से महफिल सजायी. वहीं, मनोरंजक खेल के जरिये विभिन्न संकाय के मिस्टर व मिस फ्रेशर्स का चयन किया गया. फाइनेंशियल मैनेजमेंट की गरिमा आनंद और कुणाल कांत सोनल क्रमशः मिस व मिस्टर फ्रेशर्स चुने गये.

**PRESS : PRABHAT KHABAR**




BREAKING NEWS LATEST NEWS कैंपस झारखण्ड

# एक्सआईएसएस में आयोजित हुआ फ्रेशर्स डे

September 3, 2024 Lens Eye News Comment(0)

राची, झारखण्ड | सितम्बर 03, 2024 ::

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने अपने फाइनेंशियल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, और ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम के नए 2024-26 बैच के सभी छात्रों के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया।

सभी प्रोग्राम के लिए अलग-अलग दिनों में फ्रेशर्स डे मनाया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों का स्वागत करना था क्योंकि वे संस्थान में अपनी नई यात्रा शुरू कर रहे थे। इस कार्यक्रम में निदेशक, सहायक निदेशक, डीन अकादमिक, सभी चार प्रोग्राम के प्रमुख (एचओपी), फैकल्टी, स्टाफ, और संस्थान के पूरे छात्र समुदाय ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे के स्वागत नोट मे संस्थान के विज़न और मिशन की प्रासंगिकता पर जोर दिया। डॉ कुजूर ने "जिम्मेदारी के साथ स्वतंत्रता" के महत्व पर बात की और छात्रों को आपस में विश्वास बढाने, रिश्तों को मजबूत करने और सबको साथ लेकर नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों के समुदाय के असीम टैलेंट को पहचानते हुए, निदेशक ने सीखने और बढ़ने की उनकी उत्सुकता की सराहना की और जिम्मेदार लीडर्स को सही मार्गदर्शन के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराया जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

इस बीच, संस्थान के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने इन कार्यक्रमों में छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि हम छात्रों के इस दो वर्ष की यात्रा को सही आकार देने और उनके करियर और व्यक्तिगत जीवन में संस्थान के मूल्यों को चित्रित करने के किये प्रयासरत है।

छात्रों ने स्किट तैयार किए, गीत गाए और नृत्य प्रस्तुतियां दीं तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों के माध्यम से सभी नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी कार्यक्रम द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा आयोजित और क्रियान्वित थे।

मिस्टर और मिस फ्रेशर्स के विजेता थे:

- फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम – गरिमा आनंद और कुणाल कांत सोनल
- मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम – रीतिका सेह एक्का और विभूति दास यादव
- रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम – श्रुति सिंह और आशुतोष कुमार
- ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम – मेघना अंकिता मुर्मू और आयुष राज

**PRESS : LENS EYE NEWS**

# XISS celebrates Fresher's Day for new batch of 2024-26

**PNS : RANCHI**

**X**avier Institute of Social Service (XISS), Ranchi, organized Fresher's Day for the new batch of 2024-26 for its Financial Management, Rural Management, Marketing Management, and Human Resource Management programmes respectively. The Fresher's Day celebrated on separate days for all programmes was a vibrant celebration aimed at welcoming students as they embarked on their new journey at the Institute. The event was graced by the presence of the Director, Assistant Director, Dean Academics, Heads of all four Programmes (HoPs), Faculty, Staff, and the entire student community of XISS. The events began with the lighting of the lamp and welcome note from Dr Joseph Marianus Kujur, Director, XISS where he emphasized on the institution's core values and vision. He highlighted that XISS is more than just an academic institution-it is a place of values and belongingness. Dr Kujur stressed the importance of "freedom with responsibility" and encouraged students to build trust, strengthen relationships, and lead with resilience. Recognizing the diverse nature of the student community, he expressed appreciation for their eagerness to learn and grow, and reiterated the institutions commitment to nurture responsible leaders who will positively impact the society.

Meanwhile, Dr Pradeep Kerketta, Assistant Director, XISS, welcomed the students in these events by underscoring the significance of aligning their attitude with the institution's vision and mission. He stated that at XISS, we emphasize serving as a guiding light, shaping the journey of students and helping them portray the values and ethos of the Institute in their professional and personal lives. The celebrations included a series of fun and engaging events where students from both the years displayed an array of talents. Students prepared skits, sang songs and gave dance performances followed by various fun games building a camaraderie amongst everyone. The second-year students of all programs played a crucial role in organizing and executing the Freshers' Day event, ensuring a warm and enjoyable welcome for the new batch.



**PRESS : PIONEER**

# एक्सआईएसएस में नये बैच 2024-26 के लिए धूमधाम से मना फ्रेशर्स डे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने अपने फाइनेंशियल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम के नए 2024-26 बैच के सभी छात्रों के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया। सभी प्रोग्राम के लिए अलग-अलग दिनों में फ्रेशर्स डे मनाया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों का स्वागत करना था क्योंकि वे संस्थान में अपनी नई यात्रा शुरू कर रहे थे। इस कार्यक्रम में निदेशक, सहायक निदेशक, डीन अकादमिक, सभी चार प्रोग्राम के प्रमुख (एचओपी), फैकल्टी, स्टाफ, और संस्थान के पूरे छात्र समुदाय ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और पौधों को पानी देने के साथ हुई और संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे के स्वागत नोट के साथ हुई, जहां उन्होंने संस्थान के विजन और मिशन की प्रासंगिकता पर जोर दिया। डॉ कुजूर ने ह्लजिम्मेदारी के साथ स्वतंत्रताह्न के महत्व पर बात की और छात्रों को आपस में विश्वास बढाने, रिश्तों को मजबूत करने और सबको साथ लेकर नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों के समुदाय के असीम टैलेंट को पहचानते हुए, निदेशक ने सीखने और बढ़ने की उनकी उत्सुकता की सराहना की और जिम्मेदार लीडर्स को सही मार्गदर्शन के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराया जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

**PRESS : FREEDOM FIGHTER**

भुगतान करने के लिए प्रक्रिया

का आश्वासन दिया गया।

99780992

# एक्सआईएसएस में फ्रेशर्स डे धूमधाम से मना



**पंच संवाददाता**

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने अपने फाइनेंशियल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, और ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम के नए 2024-26 बैच के सभी छात्रों के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया। सभी प्रोग्राम के लिए अलग-अलग दिनों में फ्रेशर्स डे मनाया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों का स्वागत करना था क्योंकि वे संस्थान में अपनी नई यात्रा शुरू कर रहे थे। इस कार्यक्रम में निदेशक, सहायक निदेशक, डीन अकादमिक, सभी चार प्रोग्राम के प्रमुख (एचओपी), फैकल्टी, स्टाफ, और संस्थान के पूरे छात्र समुदाय ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और पौधों को पानी देने के साथ हुई और संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे के स्वागत नोट के साथ हुई, जहां उन्होंने संस्थान के विजन और मिशन की प्रासंगिकता पर जोर दिया। डॉ कुजूर ने जिम्मेदारी के साथ स्वतंत्रता के महत्व पर बात की और छात्रों को आपस में विश्वास बढाने, रिश्तों को मजबूत करने और सबको साथ लेकर नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों के समुदाय के असीम टैलेंट को पहचानते हुए, निदेशक ने सीखने और बढ़ने की उनकी उत्सुकता की सराहना की और जिम्मेदार लीडर्स को सही मार्गदर्शन के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराया जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

## डॉक्टर नरेश त्रेहान से मिले रक्षा राज्य मंत्री

**PRESS : AVN POST**